# (गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी)

## (Tender Document)

## (Wheat and Barley Crop Residues (Nalva) & Straw)

## 2026-27

भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्)

पोस्ट बॉक्स नं. 158, अग्रसैन मार्ग, करनाल

ICAR-INDIAN INSTITUTE OF WHEAT AND BARLEY RESEARCH

(INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH)

POST BOX NO. 158, AGGRASAIN MARG, KARNAL

(An ISO 9001:2015 Certified Organization)

कार्यालय:-पोस्ट बॉक्स नं. 158, अग्रसैन मार्ग, करनाल

फैक्स नं. :0184-2267390

Tel : 0184-2267490/2266762

POST BOX NO. 158, AGGRASAIN MARG, KARNAL

Fax: 0184-2267390, Tel: 0184-2267490, 2266762

भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्)

पोस्ट बॉक्स नं. 158, अग्रसेन मार्ग, करनाल – 132001

दिनांक: 27/04/2026

## निविदा द्वारा बिक्री की शर्तें

निविदा :-

1. विधिवत हस्ताक्षरित निविदा पत्र मोहर बंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए। लिफाफे पर विज्ञापन संख्या और निविदाकार के नाम का उल्लेख होना चाहिए अन्यथा निविदा पत्र अस्वीकार किया जा सकता है।
2. निविदा के साथ आधार कार्ड की एक प्रति संलग्नित करना अनिवार्य है।
3. मोहर बंद लिफाफे आगंतुक कक्ष या विजिटिंग रूम में रखी "निविदा पेटी में" डाले जाएं।
4. अधिसूचित समय दिनांक 12/05/2026 को 10:00 AM से 01:00 PM तक है। समय (01:00 PM) समाप्त होने के बाद निविदाएं अस्वीकार कर दी जाएंगी। निविदाएं 12/05/2026 को 03:00 PM पर खोली जाएंगी। यदि कोई निविदाकार वाली फर्म निविदाएं खोलते समय आना चाहे तो आ सकता है।
5. निदेशक, भा.कृ.अनु.प.-भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, को सबसे अधिक दाम वाली या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है।
6. निविदाकारों को बयाना निविदा के साथ निदेशक, भा.कृ.अनु.प.-भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल (Director, ICAR-IIWBR, Karnal) के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा। किसी अन्य रूप में बयाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिना बयाने की निविदाएं अस्वीकृत की जाएंगी।
7. बयाना (EMD) राशि रुपए 25,000/- (रुपए पचीस हजार मात्र) होगी।
8. "जहाँ है जैसा है" के आधार पर सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } की बिक्री का प्रस्ताव है। संस्थान में आकर सामान के निरीक्षण के उपरांत अपना मूल्य निविदा में जैसे जानकारी मांगी गई है वैसे निर्धारित स्थान पर (निविदा फार्म में) भर देवें।
9. सभी सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } बेचते समय यह मान लिया गया है कि निविदा प्रस्तुत करने से पहले सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } का निरीक्षण कार्यालय करनाल में आकर कर लिया गया है। खरीददार को चेतावनी दी जाती है कि सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } खरीदने की पूरी जिमेदारी और जोखिम उसकी होगी। किसी विवरण पर भरोसा न किया जाए और इस विषय में किसी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।

21/5

10. सामान्यतः अधिकतम दाम लगाने वाले खरीददार को सामान उठाने के लिए चयन किया जाएगा। सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } देखने का समय कार्यालयीन समय में दोपहर 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक रहेगा। सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } ले जाने के लिए खरीददार को पत्र द्वारा अनुमति दी जाएगी। खरीददार को सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } उठाने से पहले बाकी राशि इलेक्ट्रॉनिक/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा तीन कार्य दिवसों के भीतर जमा करवानी होगी। सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } उठाने का खर्च खरीददार का होगा व बारदाना भी खरीददार का होगा।
11. निर्धारित समय पर सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } नहीं उठाया गया तो जमा की गई बयाना राशि जब्त की जाएगी।
12. असफल क्रेताओं को बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरांत वापिस किया जाएगा।
13. किसी भी प्रकार के लोकल टैक्स का वहन खरीददार को स्वयं ही करना होगा। संस्थान द्वारा किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं दिया जाएगा।
14. अधिकतम बोलीदाता को एक दिन के भीतर कुल राशि की 50% राशि जमा करवानी होगी। तीन (3) कार्य दिवसों में पूरी राशि ऑनलाइन के माध्यम से जमा करवानी होगी। संस्थान से सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } उठाने का समय पत्र प्राप्त होने के बाद 10 दिन का रहेगा। यदि पत्र प्राप्त होने के बाद 10 दिनों के अंदर सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } को नहीं उठाया गया तो प्रति दिन 1,000/- अतिरिक्त चार्ज वसूला जाएगा।
15. निदेशक, भा.कृ.अनु.प.-भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल को बिना कारण बताए बोलियों को कैंसिल करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
16. संस्थान द्वारा सामान { गेहूँ व जौ के फसल-अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी } के लिए निर्धारित आरक्षित मूल्य से कम बोली वाली निविदाएं अस्वीकृत कर दी जाएंगी।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

दिनांक: 27/04/2026

# निविदा फार्म

1. "जहाँ है जैसा है" के आधार पर {छिलका रहित जौ मिश्रण, गेहूँ व जौ की फसल के अवशेष (नलवा) एवं तूड़ी} की बिक्री का प्रस्ताव है।
2. जमा बयाना (EMD) राशि रुपए 25,000/- (रुपए पचीस हजार मात्र)।
3. डिमांड ड्राफ्ट संख्या ........................................दिनांक ..................................
4. राष्ट्रीयकृत बैंक का नाम ..................................................................................

| क्रम संख्या | सामग्री का विवरण | मात्रा लगभग | कुल राशि अंकों में | राशि शब्दों में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गेहूँ व जौ की फसल के अवशेष (मुख्य प्रक्षेत्र) | 42 एकड़ | | |
| 2. | गेहूँ व जौ की फसल के अवशेष (नया प्रक्षेत्र) | 40 एकड़ | | |
| 3. | तूड़ी (मुख्य प्रक्षेत्र) | 7 एकड़ | | |
| 4. | तूड़ी (नया प्रक्षेत्र) | 2.5 एकड़ | | |

घोषणा:-

मैं अधोहस्ताक्षरी यह घोषणा करता हूँ कि मैंने उपर्युक्त सामग्री का स्वयं निरीक्षण किया है एवं मुझे किसी भी सरकारी संस्था द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है। मुझे निविदा की समस्त शर्तें मंजूर हैं।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
मोहर/स्टैम्प

संलग्न सूची :-

निविदाकर्ता का नाम ..........................................................................................

पूरा पता/फोन नं./फैक्स नं./मो. नं./आधार नं./फार्म का GST नं./ई-मेल

..........................................................................................................

..........................................................................................................

निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि :- 12/05/2026 (10:00 AM से 01:00 PM तक)

निविदा खोलने की तिथि :- 12/05/2026 (03:00 PM)